आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 21.05.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- प्रदेश में चारधाम यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में खासा उत्साह। श्रद्धालुओं की संख्या ने 16 लाख 50 हजार का आंकड़ा पार किया।
- राजधानी देहरादून में भीषण गर्मी और हीट वेव की संभावना को देखते हुए अस्पतालों और चिकित्सा इकाइयों को सतर्क रहने के निर्देश।
- केंद्र सरकार ने उपभोक्ताओं, पेशेवरों और सौंदर्यबोध क्लीनिकों द्वारा किसी भी कॉस्मेटिक उत्पाद का प्रयोग इंजेक्शन के रूप में करने पर प्रतिबंध लगाया।
- नैनीताल जिले के भवाली में एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत।

**चारधाम यात्रा**

प्रदेश में चारधाम यात्रा इस वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित करने की ओर अग्रसर है। यात्रा शुरू होने के लगभग एक महीने में श्रद्धालुओं की संख्या 16 लाख 50 हजार का आंकड़ा पार कर चुकी है। सबसे अधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं। गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने कहा कि प्रतिदिन 30 हजार से अधिक यात्री विभिन्न धामों में दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल रहा है। इसके अलावा यात्रा को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए इस बार वीआईपी दर्शन की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। सभी श्रद्धालुओं को समान अवसर प्रदान करते हुए सामान्य कतार व्यवस्था लागू की गई है।

**मौसम**

प्रदेश में लगातार बढ़ रहे तापमान और हीट वेव के प्रभाव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। चिकित्सकों ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। देहरादून जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों और चिकित्सा इकाइयों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के झा ने लोगों से दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की अपील की है। उन्होंने शरीर में पानी की कमी से बचने के लिए दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में तरबूज, नींबू पानी, जलजीरा, नारियल पानी और अन्य पानी युक्त फलों का सेवन लाभकारी होता है। जिला प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें और गर्मी से बचाव के सभी आवश्यक उपाय अपनाएं। प्रशासन का कहना है कि सावधानी और जागरूकता से ही हीट वेव के दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है।

**ऊर्जा संरक्षण**

ईंधन के वैश्विक संकट और राष्ट्र पर इसके बढ़ते प्रभाव को देखते हुए प्रधानमंत्री की ऊर्जा संरक्षण की अपील का असर प्रदेश के विभिन्न जिलों में दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चमोली के तत्वावधान में आज न्यायालय में सुरक्षित ईंधन–सुरक्षित जीवन अभियान के तहत ''नो व्हीकल डे'' मनाया गया। जिला जज सहित सभी न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता और कर्मचारी अपने आवासों से न्यायालय परिसर तक पैदल चलकर आए। प्राधिकरण के सचिव पुनीत कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री की ऊर्जा बचाओ अपील पर जिले में ये अभियान चलाया जा रहा है। अधिवक्ताओं और कर्मचारियो से सप्ताह में दो दिन निजी या सरकारी वाहनों की बजाय पैदल आने की सलाह दी गई है।

## कॉस्मेटिक्स

केंद्र सरकार ने कहा है कि उपभोक्ताओं, पेशेवरों और सौंदर्यबोध क्लीनिकों द्वारा किसी भी कॉस्मेटिक उत्पाद का प्रयोग इंजेक्शन के रूप में करने की अनुमति नहीं है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने कहा है कि कॉस्मेटिक्स का प्रयोग केवल मानव शरीर पर लगाने, छिड़कने और स्प्रे करने के लिए किया जाना चाहिए। इन उत्पादों में प्रतिबंधित सामग्री का इस्तेमाल, लेबल पर गुमराह करने वाले दावे, इलाज के लिए कॉस्मेटिक्स का इस्तेमाल और इंजेक्शन के द्वारा कॉस्मेटिक्स का प्रयोग अधिनियम और नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।

## दुर्घटना/मृत्यु

नैनीताल जिले के भवाली में सेनेटोरियम–रातीघाट बाईपास मार्ग पर ढैला गांव के समीप आज एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से दो महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल की टीम ने सभी शवों को खाई से बाहर निकाला। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## मद्महे"वर कपाट

रुद्रप्रयाग जिले में द्वितीय केदार के नाम से प्रसिद्ध मदमहेश्वर मंदिर के कपाट आज श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कपाट खुलने की प्रक्रिया के अंतर्गत पुजारी शिव शंकर लिंग ने विधिवत पूजा–अर्चना संपन्न कराई।

## कार्य"ााला समापन

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बागेश्वर में आयोजित दो दिवसीय परिवेशीय संसाधन आधारित अनुभवनात्मक भौतिकी कार्यशाला का आज समापन हो गया। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों और छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षकों को स्थानीय संसाधनों और कम लागत की सामग्री के माध्यम से विज्ञान शिक्षण को अधिक प्रयोगात्मक और विद्यार्थियों के जीवन से जोड़ने के तरीके सिखाए गए। कार्यशाला में देश के प्रसिद्ध भौतिक वैज्ञानिक, शिक्षाविद और पद्मश्री प्रोफेसर एच.सी. वर्मा ने मुख्य सूत्रधार के रूप में प्रतिभाग कर विज्ञान शिक्षण को सरल, रोचक और व्यवहारिक बनाने के गुर साझा किए।

## एसएसबी योग सत्र

12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यकम के तहत सशस्त्र सीमा बल की पांचवीं वाहिनी मुख्यालय, चम्पावत में आज योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। वाहिनी के कमांडेंट सुरेंद्र विक्रम ने बताया कि "100 दिनों की योग काउंटडाउन" अभियान के तहत वाहिनी मुख्यालय और वाहिनी के समवायों में योग सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से तनावमुक्त रखने के लिए विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और सशस्त्र सीमा बल कार्मिकों के दैनिक जीवन में योग को अपनाने के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा।